ऑनलाइन शतरंज में मुंबई के अथर्व ने मारी बाजी

नई बात, संवाददाता।

किशनगंज। जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में चेस क्रॉप्स द्वारा रविवार को निःशुल्क ऑनलाइन जूनियर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के करीब दो दर्जन खिलाड़ियों ने भाग लिया। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा चेस क्रॉप्स के सीईओ कमल कर्मकार ने सूचित किया कि इस प्रतियोगिता में नवी मुंबई निवासी समीर कुमार सिन्हा व श्रीमती मनीषा सिन्हा के पुत्र तथा न्यू होराइजन स्कॉलर्स स्कूल एरोली, नवी मुंबई के वर्ग छह के छात्र अथर्व

प्रतियोगिता में भाग लेते शतरंज खिलाड़ी।

समीर सिन्हा ने बाजी मारी। इसके द्वितीय से छठे स्थानों पर क्रमशः किशनगंज जिले की धान्वी कर्मकार, अथर्व राज, सुरोनोय दास एवं हिमांश जैन ने जगह बनाई। सातवां स्थान दुबई के आरुष चौधरी को प्राप्त हुआ। वहीं आठवें स्थान पर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की अनाया साह काबीज हुई। पटना की आरुही राज नौ वें स्थान पर रही। जबकि 10 वां स्थान किशनगंज के देवराज सिन्हा को प्राप्त हुआ। इस्लामपुर के अंकुश बेन 11वें स्थान पर अपना कब्जा जमाया। किशनगंज की पलचीन जैन 12वें स्थान पर रही। अरुणाचल प्रदेश के वैभव दुगर को 13वां स्थान प्राप्त हुआ। दुबई की आरसी तिवारी एवं कनाडा की जियाना रहमान को क्रमशः 14वें और 15वें स्थानों पर तथा अन्य को आगे संतोष करना पड़ा। जिला शतरंज संघ से जुड़े दर्जनों पदाधिकारियों ने देश- विदेश के इन जूनियर शतरंज खिलाड़ियों को उनके इन उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी है।